डॉ0 अमित कुमार राय
परीक्षा नियंत्रक
Dr. Amit Kumar Rai
Controller of Examination

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.

पत्रांकः COE-323/DSMNRU/फा0सं0–COE-40/2019–20 दिनांकः– 01 जनवरी, 2020

स्क्रूटनी हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान में परीक्षा विभाग के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र–2018–19 की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियों को स्क्रूटनी (Scrutiny) हेतु आवेदन करना हैं वे विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये स्क्रूटनी (Scrutiny) **हेतु दिनांक 02.01.2020 से दिनांक 09.01.2020 तक आवेदन–पत्र भर सकते हैं।**

2) विद्यार्थी स्क्रूटनी के लिये निर्धारित शुल्क सामान्य पाठ्यक्रमों के लिये 100/– प्रति प्रश्न–पत्र एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु रू0 200/– प्रति प्रश्न–पत्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार स्क्रूटनी शुल्क को जमा किये बिना स्क्रूटनी नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

4) विश्वविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जिनके पास **RTGS/NEFT** की सुविधा उपलब्ध नहीं है वे विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या–21 से स्क्रूटनी से सम्बन्धित चालान प्राप्त कर निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उक्त ऑनलाइन आवेदन–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति सम्बन्धित प्रपत्र सहित सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष से अग्रसारित कराते हुए प्रशासनिक भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या–21 में दिनाँक 10.01.2020 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

5) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

उक्त आवेदन के पश्चात् विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी किये जाने हेतु तिथि निर्धारित करते हुए सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित की जायेगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से विद्यार्थियों को सूचित करने तथा विद्यार्थियों के आवेदन–पत्रों को अग्रसारित करते हुए दिनाँक 10.01.2020 तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।

1/1/20XX

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक